दिनांक 05.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में प्रसारण हुआ

भिलाईनगर/ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के रैंडमली चयनित हितग्राहियों से आज सुबह 9 बजे से विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सीधे सम्पर्क किया गया जिस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से किया गया । इस संबंध में नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा मुख्य कार्यालय के सभागार एवं जोन 01, 02, 03, 04, एवं 06 में माननीय प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। निगम क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के द्वारा अपने–अपने जोन अंतर्गत उपस्थित होकर सीधा प्रसारण को देखकर इस योजना से जुड़ी नियम एवं फायदे के संबंध में जानकारी से अवगत हुए।

निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा आज प्रातः से ही सभी जोन कार्यालय का भ्रमण कर प्रसारण किये जाने के संबंध में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया साथ ही जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों से माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा सीधा विडियों कान्फ्रेन्स के माध्यम से संवाद किया जाना है प्रसारण के समय स्वयं उपस्थित रहकर सारी व्यवस्था सुचारु रुप से चले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। ताकि हितग्राहियों को इस योजनान्तर्गत मिलने वाले आवास के संबंध में प्रसारित जानकारी प्राप्त हो सके। निगम आयुक्त श्री चौहान निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में स्वयं उपस्थित रहे।

श्री चौहान के द्वारा पूर्व से ही आदेश जारी कर प्रसारण की व्यवस्था सुचारु रुप से संम्पन्न हो इस संबंध में जोनवार एवं मुख्य कार्यालय हेतु सुश्री दीप्ती साहू, डाटा सेंटर प्रभारी, श्री दौलत चन्द्राकर प्र0 उप अभियंता, जोन आयुक्त क्रमांक 01 नेहरु नगर कार्यालय श्री संजय बागड़े, जोन 02 आयुक्त श्री आर0के0 साहू, जोन आयुक्त 03 श्री बी0के0 देवांगन, जोन आयुक्त जोन 04 श्री संजय शर्मा, जोन आयुक्त जोन 06 श्री टी0के0 रणदिवे हेतु आदेशित किया गया था। सभी जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में सुबह 9 बजे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव, निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज रामनगर मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने हेतु वृक्षों का संरक्षण करना आवश्यक है आज पुरे विश्व में जिस तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है उसमें बहुतयात मात्रा में पेड़ो की कटाई की जा रही है जिसके कारण ऋतुओं में इसका विपरित प्रभाव पड़ रहा है जिसके चलते जन जीवन अस्त व्यक्त हो रहा है तथा विभिन्न प्रकार की बिमारियों से लोग ग्रसित होते जा रहे हैं। आज हमें यह शपथ लेनी होगी कि कम से कम एक पौध प्रत्येक व्यक्ति रोपित करे तथा उसका लालन पालन अपने बच्चों की तरह करे। ताकि आने वाली हमारी अगली पिढ़ी शुद्ध हवा में अपना जीवन यापन कर सके।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने कहा कि जिस तरह जल स्तर नीचे जा रहा है, पीने की पानी की संकट उत्पन्न हो रही है इस अभियान को युद्धस्तर पर संचालित किया जाना होगा इसलिए भारी मात्रा में वृक्षारोपण की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष श्री रिकेश सेन ने कहा कि भारत में स्वच्छता को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है उसी तरह पर्यावरण संरक्षण का अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है जिस तरह प्रदुषणकारी ईंधनों बढ़ते उपयोग, उद्योग की चिमनियों से निकलने वाले धुएं, सड़े गले खाद्य पदार्थों की बिक्री, खुली नालियां, नदियों में सिवरेज का गंदा पानी, गंदा पानी का बहाव, अत्यधिक खनिज व वन संपदा का दोहन इत्यादि पर्यावरण को प्रदुषित करने वाले प्रमुख कारक है इन पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्यण, पार्षदगण, एल्डरमेन, गणमान्य नागरिक सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी

पालिक निगम भिलाई
श्री के. एल. चौहान